# निवेशकों की पहली पसंद बना मेरठ मंडल, आजमगढ़ निचले पायदान पर

अमर उजाला ब्यूरो • लखनऊ

उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए पूर्वी में निवेश करने में दिलचस्पी दिखाने वाले देश-विदेश के निवेशकों की पहली पसंद मेरठ मंडल रहा है। 33.50 लाख करोड़ रुपये के आए निवेश प्रस्तावों में से सर्वाधिक 9,85,566 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ मंडल के जिलों के ही हैं। दूसरी तरह पूर्वी उत्तर प्रदेश का आजमगढ़ मंडल ऐसा रहा है जहां निवेशकों ने निवेश करने में सबसे कम दिलचस्पी दिखाई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की कानून व्यवस्था की बदली तस्वीर और दूसरे राज्यों से बेहतर नीतियों के चलते देश-विदेश के निवेशकों ने प्रदेश में 33.50 लाख करोड़ रुपये निवेश के प्रस्ताव दिए हैं। वैसे तो निवेशकों ने राज्यभर में निवेश करने के प्रस्ताव दिए हैं, लेकिन दिल्ली से सटे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं ज्यादा निवेश के प्रस्ताव आए हैं।

राज्य के 18 मंडलों में से मेरठ मंडल तो ऐसा है जहां कुल निवेश प्रस्ताव का लगभग 30 प्रतिशत निवेश करने के प्रस्ताव हैं। मेरठ के बाद दूसरे नंबर पर राजधानी का लखनऊ मंडल है। सबसे ज्यादा निवेश प्रस्ताव जिन पांच मंडलों के हैं उनमें मेरठ, लखनऊ के अलावा आगरा, झांसी और वाराणसी मंडल हैं।

**बुंदेलखंड-पूर्वांचल में भी निवेश के आए हैं प्रस्ताव :** प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों में रहे बुंदेलखंड और पूर्वांचल में भी निवेश के खूब प्रस्ताव आए हैं। पिछले छह वर्षों के दौरान पूर्वांचल और बुंदेलखंड क्षेत्र में भी जिस तरह से अपराध कम होने के साथ ही उनकी कनेक्टिविटी बेहतर हुई है उससे इन क्षेत्रों में भी निवेश करने के लिए निवेशक सामने आ रहे हैं।

बुंदेलखंड क्षेत्र के झांसी व चित्रकूट मंडल में निवेशकों की निवेश करने में दिलचस्पी दिखाने का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि निवेश प्रस्ताव के मामले में झांसी मंडल टाप फाइव में और चित्रकूट मंडल टाप टेन में शामिल है। निवेश प्रस्ताव हासिल करने में पूर्वी उत्तर प्रदेश का वाराणसी मंडल पांचवें और गोरखपुर मंडल छठे नंबर पर रहा है।

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT

- निवेश प्रस्ताव हासिल करने वाले टाप फाइव मंडलों में लखनऊ, आगरा, झांसी व वाराणसी
- नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे सोनभद्र, मीरजापुर व चंदौली में भी निवेशकों ने दिखाई दिलचस्पी

## सोनभद्र जिले में 74 हजार करोड़ से ज्यादा के प्रस्ताव

कभी नक्सलियों का गढ़ रहे सोनभद्र, चंदौली और मीरजापुर जिलों में भी निवेशकों ने काफी रुचि दिखाई है। वाराणसी मंडल के चंदौली जिले में 11 हजार करोड़ से ज्यादा और मीरजापुर मंडल में आने वाले मीरजापुर जिले में 64 हजार करोड़ और सोनभद्र जिले में 74 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश के प्रस्ताव निवेशकों ने दिए हैं।

## कहां कितने के आए निवेश प्रस्ताव

18 मंडलों में मेरठ मंडल में सर्वाधिक 9,85,566 करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए हैं। दूसरे नंबर पर लखनऊ मंडल है जहां 2,91,468 करोड़ का निवेश करने के प्रस्ताव दिए गए हैं। इसी तरह आगरा मंडल में 2,60,947 करोड़, झांसी मंडल में 2,18,498 करोड़, वाराणसी मंडल में 1,96,632 करोड़, गोरखपुर मंडल में 1,78,285 करोड़, मीरजापुर मंडल में 1,39,671 करोड़, बरेली मंडल में 1,28,040 करोड़, चित्रकूट मंडल में 98,367 करोड़, कानपुर मंडल में 80,607 करोड़, अयोध्या मंडल में 77,547 करोड़, प्रयागराज मंडल में 67,563 करोड़, अलीगढ़ मंडल में 67,467 करोड़, मुरादाबाद मंडल में 44,704 करोड़, सहारनपुर मंडल में 20,101 करोड़, बस्ती मंडल में 19,250 करोड़, देवीपाटन मंडल में 10,593 करोड़ और आजमगढ़ मंडल में 6,648 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव योगी सरकार को निवेशकों की ओर से मिले हैं। इसके अलावा 4,58,648 करोड़ के निवेश प्रस्ताव और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लिए आए हैं।